# बिहार में नकली दवा सप्लायरों पर बड़ी कार्रवाई, ग्वालियर की नारकोटिक्स टीम ने 4 करोड़ का माल किया जब्त - DUPLICATE MEDICINES IN GAYAJI



**गया:** बिहार के गयाजी में नकली और [नशीली दवाओं का कारोबार](#) करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है. पिछले दो दिनों की कार्रवाई में लगभग 4 करोड़ की नकली दवा जब्त करने की बात कही जा रही है. जीवन रक्षक दवाओं के नाम पर दवा माफिया लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं, हालांकि इस कार्रवाई के बाद नकली दावा के व्यापारियों के बीच हड़कंप मची हुई है.

**गयाजी में करोड़ों की नकली दवा जब्त:** बताया जा रहा है कि टिम ने मुख्य सप्लायर की पहचान कर ली है लेकिन अभी वो पकड़ा नहीं जा सका है. छापेमारी के दौरान नारकोटिक्स विभाग की टीम ने एक शख्स को गिरफ्तार भी किया है. असल में गयाजी में औषधि और नारकोटिक्स विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की थी. बीते मंगलवार को पहली छापेमारी हुई थी, जबकि दूसरी बार शनिवार की सुबह छापेमारी की गई. पहली छापेमारी में 3 करोड़ के करीब की नकली दवा जब्त करने की बात सामने आई थी.

**ग्वालियर से आई है नारकोटिक्स विभाग की टीम:** नशीली दवाओं का व्यापार करने वालों के खिलाफ करवाई के लिए ग्वालियर से नारकोटिक्स विभाग की एक टीम गयाजी पहुंची हुई है. सहायक औषधि नियंत्रक विजय कुमार ने बताया कि गयाजी में जिला औषधि गया और ग्वालियर से आई नारकोटिक्स विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से भी छापेमारी की थी. शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कुमार कॉलोनी में किराए के एक मकान में छापेमारी की गई थी, जहां से भारी मात्रा में नकली दवा जब्त की गई है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/duplicate-medicines-worth-crores-seized-by-narcotics-team-in-gayaji-bihar-news-brs25052500773